आंकड़ों की नियमित समीक्षा करके परिवार नियोजन के स्थानीय लक्ष्यों की प्राप्ति करना

इस हाई इम्पैक्ट एप्रोच का उपयोग क्यों करें?

यह एक प्रमाणित तथ्य है कि आंकड़ों की समीक्षा कार्यक्रम प्रबंधन का एक मितव्ययी और प्रभावशाली तरीका है जिससे इनपुट, प्रक्रियाओं तथा आउटपुट का आंकलन कर जानकारी आधारित, सही और समयानुसार निर्णय लिए जा सकते हैं।

पहला चरण:

संकेतक निर्धारित करें

परिवार नियोजन संकेतक कार्यक्रम के लक्ष्यों या उन प्रश्नों/मुद्दों पर आधारित होना चाहिए जिन्हें शहर के परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए संबोधित करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, क्या हम उन लोगों तक पहुँच रहे हैं जिन्हें परिवार नियोजन सेवाओं की आवश्यकता है?



दूसरा चरण:

संकेतकों की परिचालनात्मक परिभाषाएँ बनाएं

सभी संकेतकों को परभाषित कर उनके न्यूमिरेटर और डिनोमिनेटर को उदहारण के साथ स्पष्ट करें।



तीसरा चरण:

डेटा संग्रह के स्रोत और आवृत्ति को अंतिम रूप दें

संकेतकों को उनके स्रोत (डेटा संग्रह के बिंदु) और आवृत्ति (विभिन्न डेटा सेट एकत्र करने के लिए समय-सीमा) के साथ अंतिम रूप दें। डेटा रिपोर्टिंग तिथि की मॉनिटरिंग करें इससे विभिन्न स्रोतों से समय पर रिपोर्टिंग को सुव्यवस्थित करने में सहायता मिलती है।



चौथा चरण:

उपलब्धि का अपेक्षित स्तर निर्धारित करें (ई.एल.ए)

परिवार नियोजन कार्यक्रम में पात्र जोड़े को इन्फॉर्मड चॉइस प्रदान करना सबसे आवश्यक है इसलिये कोई लक्ष्य दिए बिना ई.एल.ए को अंतिम रूप दें। पिछले वर्षों के डेटा और लोगों की अपूर्ण परिवार नियोजन ज़रूरत पर विचार कर ई.एल.ए को हितधारकों के साथ सामूहिक रूप से तय करें।

पांचवां चरण:

डेटा के प्रयोग पर स्टाफ को कोच करें

डेटा को संभालने वाले सभी कर्मचारियों को सभी डेटा फॉर्म्स, प्रमुख संकेतकों की परिभाषा, डेटा और संकेतकों के बुनियादी विश्लेषण पर कोच करें। कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पी.आई.पी) के माध्यम से डेटा प्रबंधन पर वार्षिक प्रशिक्षण/ रिफ्रेशर ट्रेनिंग के लिए धन राशि उपलब्ध कराएं।

छठा चरण:

डेटा का वेलिडेशन और समीक्षा

स्वास्थ्य केन्द्रों के स्तर पर डेटा वेलिडेशन कमिटी का गठन करें और एच.एम.आई.एस डेटा रिपोर्टिंग से पहले समिति की बैठक आयोजित कर डेटा की जांच करें और त्रुटियों को सुधारे। जिला स्तर की मासिक और प्रमुख समीक्षा बैठकों में परिवार नियोजन संकेतकों की समीक्षा करें।

अधिक जानकारी के लिए:
http://tciurbanhealth.org/lessons/utilizing-data-effectively/

Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health
Bill & Melinda Gates Institute for Population and Reproductive Health
psi India
Healthy life, Happy life